कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 09.01.2023

//प्रेस विज्ञप्ति//
गर्ल्स कॉलेज में
संभाग स्तरीय कार्यशाला आयोजित
संस्थागत विकास के लिये कार्ययोजना जरूरी :– डॉ. प्रीतालाल

शासकीय डॉ वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा दुर्ग संभाग के महाविद्यालयों के लिये संस्थागत विकास योजना हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया।

क्षेत्रीय अपर संचालक उच्च शिक्षा विभाग डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा उच्च शिक्षा के अंतर्गत महाविद्यालयों के विकास के लिये विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश के तहत शासकीय महाविद्यालयों में संस्थागत विकास योजना का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इसके क्रियान्वयन के लिये संभाग स्तर पर समिति गठित की गई है। जिसके द्वारा आज संभाग के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों के लिये कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला का शुभारंभ हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की महाविद्यालय विकास परिषद की संचालक डॉ. प्रीतालाल ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय के समग्र विकास के लिये कार्ययोजना तैयार कर कार्य करने से असानी होती है। नैक मूल्यांकन के पश्चात् महाविद्यालय के अकादमिक, अधोसंरचना, शोधकार्य, खेलकूद, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करना और उसका उचित क्रियान्वयन कर मूल्यांकन करना मूल उद्देश्य है।

इस कार्यशाला में विषय–विशेषज्ञ श्री विकास पंचाक्षरी, डॉ. कुसुमांजली देशमुख, डॉ. अनिता साहा, डॉ. मनीष कालरा, डॉ. अमिता सहगल ने संस्थागत विकास योजना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस कार्यशाला में राजनांदगांव, कबीरधाम, बालोद, बेमेतरा, खैरागढ़, मानपुर–मोहला, दुर्ग जिले के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)